Free Mock Test For Practice: https://play.google.com/store/apps/details?id=com.prepxpert.app

Test Booklet No. **Test Booklet Code**

HE/HALEBI/6/21

MEDIUM : HINDI + ENGLISH

C

निर्देश

INSTRUCTIONS

1. इस प्रश्न-पत्र पुस्तिका में **चार** भाग हैं । भाग "क" गणित में 50 प्रश्न हैं, जिनमें से प्रत्येक के लिए 3 अंक निर्धारित हैं । भाग "ख" सामान्य ज्ञान, भाग "ग" भाषा और भाग "घ" प्रज्ञा (इंटेलिजेंस) में 25 प्रश्न हैं, जिनमें से प्रत्येक के लिए 2 अंक निर्धारित हैं । कुल मिलाकर, प्रश्न-पत्र में कुल **300** अंकों के लिए, **125** प्रश्न हैं । सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

This Question Paper Booklet contains **four** Sections. Section "A" Mathematics contains 50 questions of 3 marks each. Section "B" General Knowledge, Section "C" Language and Section "D" Intelligence contain 25 questions of 2 marks per question. In all, the paper consists of **125** questions for a total of **300** marks. Answer all questions.

2. भाग "ग" में विशिष्ट भाषा है और उस चुनी हुई भाषा में ही प्रयास यानी उत्तर दिया जाना है । (उम्मीदवारों के लिए निम्नलिखित 13 भाषाओं में से किसी भी एक भाषा को चुनना आवश्यक था : असमिया, बंगाली, अंग्रेज़ी, गुजराती, हिन्दी, कन्नड़, मलयालम, मराठी, ओडिया, पंजाबी, तमिल, तेलुगु और उर्दू ।)

Section "C" is language specific and is to be attempted in the chosen language only. (Candidates were required to choose any of the following 13 languages : Assamese, Bengali, English, Gujarati, Hindi, Kannada, Malayalam, Marathi, Odiya, Punjabi, Tamil, Telugu and Urdu.)

3. परीक्षा की अवधि 2 घंटे और 30 मिनट (150 मिनट) की है ।

The test is of 2 hours and 30 minutes (150 minutes) duration.

4. जिन लोगों ने हिन्दी या अंग्रेज़ी को चुना है, उनके लिए प्रश्न-पत्र पुस्तिका द्विभाषिक (यानी हिन्दी और अंग्रेज़ी में) होगी ।

The Question Paper Booklet for those who have opted for Hindi or English would be bilingual (i.e. in Hindi and English).

5. जिन लोगों ने विशिष्ट भाषाओं में से, किसी भी एक को चुना है, उनके लिए प्रश्न-पत्र पुस्तिका, प्रवेश पत्र में उनके द्वारा निर्दिष्ट और चुनी हुई भाषा और अंग्रेज़ी में प्रदर्शित की गई होगी । परीक्षा में, किसी प्रश्न के अनुवाद/निर्माण में किसी भी अस्पष्टता के मामले में, उसके अंग्रेज़ी संस्करण (भाषा भाग के प्रश्नों को छोड़कर) को अंतिम माना जाएगा ।

The Question Paper Booklet for those who have opted for any of the specified languages would be in the language opted and indicated on the Admit Card and in English. In case of any ambiguity in translation/construction of a question in the exam, its English version (except for the Language section questions) shall be treated as final.

Free Mock Test For Practice: https://play.google.com/store/apps/details?id=com.prepxpert.app

6. प्रश्न-पत्र पुस्तिका **36** पृष्ठों की है । कृपया जाँचिए और यह सुनिश्चित कीजिए कि प्रश्न-पत्र पुस्तिका पूरी है और इसमें सभी पृष्ठ हैं ।

The Question Paper Booklet is of **36** pages. Please check and ensure that the Question Paper Booklet is complete and contains all the pages.

7. सभी प्रश्नों के उत्तर केवल ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक में ही दें ।

Answer all questions in the OMR Answer Sheet only.

8. ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक, प्रश्न-पत्र पुस्तिका के अंदर ही है । जब आपको प्रश्न-पत्र पुस्तिका खोलने का निर्देश दिया जाता है, तब ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक निकाल लें और विवरण को ध्यानपूर्वक, केवल नीले/काले बॉल पॉइंट पेन से ही भरें ।

The OMR Answer Sheet is inside this Question Paper Booklet. When you are directed to open the Question Paper Booklet, take out the OMR Answer Sheet and fill the particulars carefully with blue/black ball point pen only.

9. प्रत्येक प्रश्न के लिए अपने उत्तर के रूप में केवल एक गोले को ही भरें (गहरा करें) । यदि आप उसी प्रश्न के लिए एक से ज्यादा गोले को गहरा करते हैं, तो आपके जवाब को ग़लत माना जाएगा ।

Darken only one circle as your answer for each question. If you darken more than one circle for the same question, your answer will be treated as wrong.

10. ग़लत उत्तर के लिए निगेटिव मार्किंग नहीं है ।

There is no negative marking for a wrong answer.

11. ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक पर अनावश्यक निशान न बनाएँ या फोल्ड न करें या उसे विरूपित (डिफेस) करने का प्रयास न करें । यदि आप ऐसा करते हैं तो आपके ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक का मूल्यांकन नहीं किया जाएगा ।

Do not make unnecessary marks on the OMR Answer Sheet or fold or attempt to deface it. If you do so, your OMR Answer Sheet will not be evaluated.

12. इस पृष्ठ पर विवरण और उत्तर लिखने के लिए केवल नीले/काले बॉल पॉइंट पेन का उपयोग करें । पेन्सिल का इस्तेमाल न करें ।

Use Blue/Black Ball Point Pen only for writing particulars on this page and for writing answers. Do not use pencil.

Free Mock Test For Practice: https://play.google.com/store/apps/details?id=com.prepxpert.app

13. रफ़ वर्क, प्रश्न-पत्र पुस्तिका में, सिर्फ इस उद्देश्य से उपलब्ध कराई गई जगह पर ही किया जाना चाहिए न कि ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक पर ।

Rough work is to be done on the space provided for this purpose in the Question Paper Booklet only and not on the OMR Answer Sheet.

14. परीक्षा पूरी होने पर, कक्ष/हॉल छोड़ने से पहले निरीक्षक (इनविजिलेटर) को ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक सौंप दें ।

On completion of the test, hand over the OMR Answer Sheet to the Invigilator before leaving the Room/Hall.

15. आपको इस प्रश्न-पत्र पुस्तिका को अपने साथ ले जाने की अनुमति है ।

You are allowed to take away this Question Paper Booklet with you.

16. इस पुस्तिका के लिए दिया गया कोड **C** है । आपको सुनिश्चित करना है कि ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक पर मुद्रित किया गया कोड, इस प्रश्न-पत्र पुस्तिका के ही समान है । विसंगति होने पर प्रश्न-पत्र पुस्तिका और ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक दोनों को बदलने के लिए मामले की सूचना तत्काल निरीक्षक (इनविजिलेटर) को दें ।

The CODE for this Booklet is **C**. Make sure that the CODE printed on the OMR Answer Sheet is the same as that on this Question Paper Booklet. In case of discrepancy, report the matter immediately to the Invigilator for replacement of both the Question Paper Booklet and the OMR Answer Sheet.

17. अपना क्रमांक (रोल न.) प्रश्न-पत्र पुस्तिका/ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक में दिए गए निर्दिष्ट स्थान को छोड़कर कहीं और नहीं लिखें ।

Do not write your Roll No. anywhere else except in the specified space in the Question Paper Booklet/OMR Answer Sheet.

18. ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक पर किसी भी तरह के सुधार करने के लिए सफेद तरल पदार्थ (white fluid) का उपयोग नहीं करें ।

Do not use white fluid for carrying out any correction on the OMR Answer Sheet.

Free Mock Test For Practice: https://play.google.com/store/apps/details?id=com.prepxpert.app

भाग क / SECTION A

गणित / MATHEMATICS

1. सरल कीजिए $7 + 5 - 2 \times (7 + 89) - 94 \div 2 + (33 \div 3 + 9 \times 2 - 7) \div 11 =$ _____ .

(1) 254 (2) – 225 (3) – 235 (4) 245

Simplify $7 + 5 - 2 \times (7 + 89) - 94 \div 2 + (33 \div 3 + 9 \times 2 - 7) \div 11 =$ _____ .

(1) 254 (2) – 225 (3) – 235 (4) 245

2. एक कक्षा में 20 लड़कों का औसत भार 160 kg है तथा शेष 5 लड़कों का 50 kg है । कक्षा के सभी लड़कों का औसत भार ज्ञात कीजिए ।

(1) 138 kg (2) 183 kg (3) 140 kg (4) 150 kg

The average weight of 20 boys in a class is 160 kg and that of the remaining 5 boys is 50 kg. Find the average weight of all the boys in the class.

(1) 138 kg (2) 183 kg (3) 140 kg (4) 150 kg

3. एक समूह में 7 विद्यार्थियों द्वारा प्राप्त औसत अंक 226 है । यदि उनमें से छह द्वारा प्राप्त किए गए अंक क्रमश: 340, 180, 260, 56, 275 तथा 307 हैं, तो सातवें विद्यार्थी द्वारा प्राप्त किए गए अंक ज्ञात कीजिए ।

(1) 160 (2) 162 (3) 163 (4) 164

The average marks obtained by 7 students in a group is 226. If the marks obtained by six of them are 340, 180, 260, 56, 275 and 307 respectively, find the marks obtained by the seventh student.

(1) 160 (2) 162 (3) 163 (4) 164

4. सरल कीजिए $(8 + 4 - 2) \times (17 - 12) \times 10 - 89 =$ _____ .

(1) 3950 (2) 411 (3) 412 (4) 3949

Simplify $(8 + 4 - 2) \times (17 - 12) \times 10 - 89 =$ _____ .

(1) 3950 (2) 411 (3) 412 (4) 3949

5. सरल कीजिए $0{\cdot}05 + 1{\cdot}5 \times 5 \div 10 \times 0{\cdot}5 =$ _____ .

(1) 4·25 (2) 42·5 (3) 0·425 (4) 0·42

Simplify $0{\cdot}05 + 1{\cdot}5 \times 5 \div 10 \times 0{\cdot}5 =$ _____ .

(1) 4·25 (2) 42·5 (3) 0·425 (4) 0·42

Free Mock Test For Practice: https://play.google.com/store/apps/details?id=com.prepxpert.app

6. 1, 3, 5, 7, 9, 11, 13 का औसत है

(1) 7 (2) 8 (3) 7·5 (4) 8·5

Average of 1, 3, 5, 7, 9, 11, 13 is

(1) 7 (2) 8 (3) 7·5 (4) 8·5

7. यदि y का x% 100 है तथा z का y% 200 है, तो x और z के बीच संबंध ज्ञात कीजिए ।

(1) $z = x$ (2) $2z = x$

(3) $z = 2x$ (4) $z = 3x$

If x% of y is 100 and y% of z is 200, then find the relation between x and z.

(1) $z = x$ (2) $2z = x$

(3) $z = 2x$ (4) $z = 3x$

8. किसी संख्या के 2/5वे के एक-तिहाई का एक-चौथाई 15 है । उस संख्या का 40% कितना होगा ?

(1) 140 (2) 150 (3) 180 (4) 200

One-fourth of one-third of two-fifth of a number is 15. What will be 40% of that number ?

(1) 140 (2) 150 (3) 180 (4) 200

9. एक लाइब्रेरी में औसतन 510 आगंतुक रविवार को और 240 अन्य दिन आते हैं । रविवार से शुरू होते हुए 30 दिन के महीने में आगंतुकों की औसत संख्या कितनी होगी ?

(1) 280 (2) 285 (3) 290 (4) 295

A library has an average of 510 visitors on Sundays and 240 on other days. The average number of visitors in a month of 30 days starting with Sunday is

(1) 280 (2) 285 (3) 290 (4) 295

10. एक बल्लेबाज़ 17वें मैच में 87 रनों का स्कोर बनाता है और इस प्रकार उसका औसत 3 से बढ़ जाता है । 17वें मैच के बाद उसका औसत ज्ञात कीजिए ।

(1) 36 (2) 37 (3) 38 (4) 39

A batsman makes a score of 87 runs in the 17^{th} match and thus increases his average by 3. Find his average after the 17^{th} match.

(1) 36 (2) 37 (3) 38 (4) 39

Free Mock Test For Practice: https://play.google.com/store/apps/details?id=com.prepxpert.app

11. रीना ने ₹ 1,200 का ऋण साधारण ब्याज पर उतने ही वर्षों के लिए लिया जितनी ब्याज दर है । यदि उसने ₹ 432 का ब्याज ऋण अवधि के अंत में दिया, तो ब्याज दर कितनी थी ?

(1) 3·6 (2) 6

(3) 18 (4) 10

Reena took a loan of ₹ 1,200 with simple interest for as many years as the rate of interest. If she paid ₹ 432 as interest at the end of the loan period, what was the rate of interest ?

(1) 3·6 (2) 6

(3) 18 (4) 10

12. जब घड़ी में 7:15 pm बज रहे हों, तो इसमें बने कोण का नाम लिखिए ।

(1) न्यून कोण (2) समकोण

(3) अधिक कोण (4) सीधा कोण

Write the name of the angle formed when the clock time is 7:15 pm.

(1) Acute angle (2) Right angle

(3) Obtuse angle (4) Straight angle

13. यदि 40 का 15% किसी संख्या के 25% से 2 अधिक होता है, तो वह संख्या होगी

(1) 14 (2) 16 (3) 18 (4) 20

If 15% of 40 is greater than 25% of a number by 2, then the number is

(1) 14 (2) 16 (3) 18 (4) 20

14. एक आयताकार खेल के मैदान की लम्बाई सेमी में ज्ञात कीजिए जिसका क्षेत्रफल 700 वर्ग मी. तथा चौड़ाई 25 मी. है ।

(1) 28 (2) 280

(3) 2800 (4) 2500

Find the length of a rectangular playground in cm whose area is 700 sq.m and breadth is 25 m.

(1) 28 (2) 280

(3) 2800 (4) 2500

Free Mock Test For Practice: https://play.google.com/store/apps/details?id=com.prepxpert.app

15. प्रात:काल का तापमान $-10°C$ था और सायंकाल तक यह 3 डिग्री घट गया था । सायंकाल में तापमान कितना था ?

(1) $-7°C$ (2) $-23°C$ (3) $-13°C$ (4) $-12°C$

In the morning, the temperature was $-10°C$ and it decreased 3 degrees by the evening. What was the temperature in the evening ?

(1) $-7°C$ (2) $-23°C$ (3) $-13°C$ (4) $-12°C$

16. एक आयताकार बगीचा 185 मी. लंबा और 220 मी. चौड़ा है । इसके बीच में 4 मी. की एकसमान चौड़ाई की दो सड़कें हैं, एक इसकी लम्बाई के समान्तर और दूसरी इसकी चौड़ाई के समान्तर । ₹ 1·25 प्रति वर्ग मी. से सड़कों को लेवल (समतल) कराने की लागत ज्ञात कीजिए ।

(1) ₹ 3,900 (2) ₹ 3,010 (3) ₹ 4,010 (4) ₹ 2,005

A rectangular garden is 185 m long and 220 m wide. It has two roads in its centre of uniform width of 4 m, one parallel to its length and the other parallel to its breadth. Find the cost of levelling the roads at ₹ 1·25 per sq.m.

(1) ₹ 3,900 (2) ₹ 3,010 (3) ₹ 4,010 (4) ₹ 2,005

17. नीचे तालिका में न्यूयॉर्क शहर के पिछले वर्ष के अधिकतम तापमान दर्शाए गए हैं । इस तालिका की जानकारी का प्रयोग कीजिए और निम्नलिखित के उत्तर दीजिए :

न्यूयॉर्क शहर में पिछले वर्ष के तीन महीनों मई, जुलाई और सितम्बर का औसतन अधिकतम तापमान (2 दशमलव स्थानों तक) कितना था ?

महीना	जनवरी	मार्च	मई	जुलाई	सितम्बर	नवम्बर
अधिकतम तापमान, °C में	3	9	21	29	24	11

(1) 21·65°C (2) 24·66°C (3) 25·52°C (4) 26·23°C

The table below shows the maximum temperatures in New York City last year. Use the information in this table and answer the following :

What was the average maximum temperature (upto 2 decimal places) of three months May, July and September last year in New York City ?

Month	Jan.	Mar.	May	Jul.	Sept.	Nov.
Maximum temperature, in °C	3	9	21	29	24	11

(1) 21·65°C (2) 24·66°C (3) 25·52°C (4) 26·23°C

Free Mock Test For Practice: https://play.google.com/store/apps/details?id=com.prepxpert.app

18. वृत्त के किसी बिन्दु पर अर्धवृत्त के व्यास द्वारा अंतरित कोण होगा

(1) 45° (2) 180°

(3) 90° (4) 60°

The angle subtended by the diameter of a semicircle on any point on the circle is

(1) 45° (2) 180°

(3) 90° (4) 60°

19. एक बड़े घन का प्रत्येक भाग 44 सेमी है । इससे प्रत्येक 4 सेमी भाग के छोटे-छोटे घन काटे जाते हैं । कम-से-कम एक घन द्वारा घिरे हुए कितने छोटे घन बनेंगे ?

(1) 888 (2) 729

(3) 164 (4) 33

A big cube has each portion of 44 cm. Tiny cubes of 4 cm portion each are cut from that. Then how many tiny cubes will be formed that are surrounded by at least one cube ?

(1) 888 (2) 729

(3) 164 (4) 33

20. एक डेसीमीटर बराबर होता है

(1) 1×10^{-1} मी. (2) 1×10^{-2} मी.

(3) 1×10^{2} मी. (4) 1×10^{3} मी.

One decimeter is equal to

(1) 1×10^{-1} m (2) 1×10^{-2} m

(3) 1×10^{2} m (4) 1×10^{3} m

21. रोमन संख्या पद्धति में, यदि कोई संकेताक्षर बार-बार आता है, तो इसका मान उतनी बार गुना नहीं किया जाता जितनी बार वह आता है ।

(1) सत्य (2) असत्य

(3) कहा नहीं जा सकता (4) दोनों समान हैं

In Roman numeration, if a symbol is repeated, its value is not multiplied as many times as it occurs.

(1) True (2) False

(3) Cannot say (4) Both are equal

Free Mock Test For Practice: https://play.google.com/store/apps/details?id=com.prepxpert.app

22. 945·341 – 1042·792 + 875·435 + 31·025 का मान क्या है ?

(1) 908·004 (2) 810·008

(3) 795·659 (4) 809·009

What is the value of 945·341 – 1042·792 + 875·435 + 31·025 ?

(1) 908·004 (2) 810·008

(3) 795·659 (4) 809·009

23. एक आयताकार टैंक 15 सेमी लम्बा, 12 सेमी चौड़ा और 8 सेमी ऊँचा है, और पानी से पूरा भरा हुआ है । टैंक में भरे हुए पानी का आयतन ज्ञात कीजिए ।

(1) 180 घन सेमी (2) 1200 घन सेमी

(3) 440 घन सेमी (4) 1440 घन सेमी

A rectangular tank 15 cm long, 12 cm wide and 8 cm high was completely filled with water. Find the volume of water in the tank.

(1) 180 cm^3 (2) 1200 cm^3

(3) 440 cm^3 (4) 1440 cm^3

24. कौन-सा विकल्प बढ़ते हुए क्रम में व्यवस्थित भिन्नों को दर्शाता है ?

(1) $\frac{5}{8} < \frac{7}{12} < \frac{3}{4} < \frac{13}{16}$ (2) $\frac{5}{8} < \frac{7}{12} < \frac{13}{16} < \frac{3}{4}$

(3) $\frac{5}{8} < \frac{3}{4} < \frac{13}{16} < \frac{7}{12}$ (4) $\frac{7}{12} < \frac{5}{8} < \frac{3}{4} < \frac{13}{16}$

Which option shows fractions arranged in ascending order ?

(1) $\frac{5}{8} < \frac{7}{12} < \frac{3}{4} < \frac{13}{16}$ (2) $\frac{5}{8} < \frac{7}{12} < \frac{13}{16} < \frac{3}{4}$

(3) $\frac{5}{8} < \frac{3}{4} < \frac{13}{16} < \frac{7}{12}$ (4) $\frac{7}{12} < \frac{5}{8} < \frac{3}{4} < \frac{13}{16}$

Free Mock Test For Practice: https://play.google.com/store/apps/details?id=com.prepxpert.app

25. जूलिया को $\frac{1}{2}$ घण्टा कपड़े धोने, अपने बालों में कंघी करने और अपने कपड़े पहनने के लिए लगता है तथा $\frac{1}{4}$ घण्टा नाश्ता करने में लगता है । जूलिया को स्कूल जाने के लिए तैयार होने में कितना समय लगता है ?

(1) $\frac{3}{4}$ घण्टा (2) 1 घण्टा (3) $\frac{2}{4}$ घण्टा (4) $\frac{5}{4}$ घण्टा

It takes Julia $\frac{1}{2}$ hour to wash, comb her hair and put on her clothes and $\frac{1}{4}$ hour to have her breakfast. How much time does it take Julia to be ready for school ?

(1) $\frac{3}{4}$ hour (2) 1 hour (3) $\frac{2}{4}$ hour (4) $\frac{5}{4}$ hour

26. रोमन संख्यांकों में निम्नलिखित में से कौन-सी संख्या ***ग़लत*** है ?

(1) LXII (2) XCI (3) LC (4) XLIV

Which of the following numbers in Roman Numerals is ***incorrect*** ?

(1) LXII (2) XCI (3) LC (4) XLIV

27. एक आदमी यात्रा के पहले 160 किमी, 64 किमी/घंटे पर करता है तथा अगले 160 किमी, 80 किमी/घंटे पर करता है । यात्रा के प्रथम 320 किमी की औसत चाल है

(1) 35·55 किमी/घंटा (2) 36 किमी/घंटा

(3) 71·11 किमी/घंटा (4) 71 किमी/घंटा

A man on tour travels first 160 km at 64 km/hr and the next 160 km at 80 km/hr. The average speed for the first 320 km of the tour is

(1) 35·55 km/hr (2) 36 km/hr

(3) 71·11 km/hr (4) 71 km/hr

28. 3-अंकों की संख्या N द्वारा 2272 तथा 875 को विभाजित करने पर हमें एक ही शेषफल प्राप्त होता है । N के अंकों का योगफल है

(1) 10 (2) 11 (3) 12 (4) 13

On dividing 2272 as well as 875 by a 3-digit number N, we get the same remainder. The sum of the digits of N is

(1) 10 (2) 11 (3) 12 (4) 13

Free Mock Test For Practice: https://play.google.com/store/apps/details?id=com.prepxpert.app

29. दो पूरक कोणों के बीच अन्तर 10° है । दोनों कोणों के मानों की गणना कीजिए ।

(1) 55°, 45° (2) 40°, 50°

(3) 50°, 60° (4) 100°, 90°

The difference between two complementary angles is 10°. Calculate the values of both the angles.

(1) 55°, 45° (2) 40°, 50°

(3) 50°, 60° (4) 100°, 90°

30. बैंगन, भिंडी और प्याज का कुल भार 48·057 किग्रा है । यदि बैंगन और भिंडी का भार क्रमश: 5·35 किग्रा और 24·52 किग्रा है, तो प्याज का भार ज्ञात कीजिए ।

(1) 17·187 किग्रा (2) 18·187 किग्रा

(3) 17·180 किग्रा (4) 18·180 किग्रा

The total weight of brinjal, lady-finger and onion is 48·057 kg. If brinjal and lady-finger weigh 5·35 kg and 24·52 kg respectively, find the weight of onion.

(1) 17·187 kg (2) 18·187 kg

(3) 17·180 kg (4) 18·180 kg

31. एक घनाभ में कितने फलक होते हैं ?

(1) 6 (2) 12 (3) 8 (4) 4

How many faces are there in a cuboid ?

(1) 6 (2) 12 (3) 8 (4) 4

32. एक सपाट सतह जो सभी दिशाओं में अनिश्चित रूप से बढ़ती है, वह कहलाती है

(1) समतल (2) रेखा

(3) रेखाखण्ड (4) बिन्दु


A flat surface which extends indefinitely in all directions is called a

(1) Plane (2) Line

(3) Line segment (4) Point


Free Mock Test For Practice: https://play.google.com/store/apps/details?id=com.prepxpert.app

33. बिन्दु O, U, S, V, R, X, W, T, P, Q तथा Y संख्या रेखा पर समान दूरी पर हैं । लम्बाई OP द्वारा निरूपित भिन्न है



(1) $\frac{1}{5}$ (2) $\frac{7}{5}$ (3) $\frac{4}{5}$ (4) $\frac{6}{5}$

The points O, U, S, V, R, X, W, T, P, Q and Y on the number line are equidistant. The fraction represented by length OP is



(1) $\frac{1}{5}$ (2) $\frac{7}{5}$ (3) $\frac{4}{5}$ (4) $\frac{6}{5}$

34. दो क्रमागत पूर्णांक, जिनके मध्य में भिन्न $\frac{5}{7}$ स्थित है, हैं

(1) 0 और 1 (2) 5 और 7 (3) 5 और 6 (4) 6 और 7

The two consecutive integers, between which the fraction $\frac{5}{7}$ lies, are

(1) 0 and 1 (2) 5 and 7 (3) 5 and 6 (4) 6 and 7

35. निम्नलिखित में से कौन-सा भिन्न सबसे छोटा है ?

(1) $\frac{4}{5}$ (2) $\frac{5}{3}$ (3) $\frac{5}{6}$ (4) $\frac{5}{2}$

Which of the following is the smallest fraction ?

(1) $\frac{4}{5}$ (2) $\frac{5}{3}$ (3) $\frac{5}{6}$ (4) $\frac{5}{2}$

36. किस संक्रिया के अंतर्गत पूर्णांक संवृत (बंद) होते हैं ?

(1) घटाना (2) भाग

(3) गुणन (4) इनमें से सभी

Whole numbers are closed under which operation ?

(1) Subtraction (2) Division

(3) Multiplication (4) All of these

37. 1 मिलियन की अनुवर्ती (अगली) संख्या है

(1) 2 मिलियन (2) 1000001 (3) 100001 (4) 10001

The successor of 1 million is

(1) 2 million (2) 1000001 (3) 100001 (4) 10001

Free Mock Test For Practice: https://play.google.com/store/apps/details?id=com.prepxpert.app

38. ऐसी सबसे छोटी संख्या ज्ञात कीजिए जो 9, 12 एवं 15 प्रत्येक से भाज्य है ।

(1) 60 (2) 90 (3) 120 (4) 180

Find the smallest number that is divisible by each one of 9, 12 and 15.

(1) 60 (2) 90 (3) 120 (4) 180

39. साबुन-पाउडर का एक विशिष्ट ब्राण्ड ₹ 15 प्रति पैकेट में बेचा जाता है । इसकी लागत ₹ 144 प्रति दर्जन है । 8 दर्जन पैकेटों पर प्रतिशत में लाभ कितना होगा ?

(1) 20 (2) 25 (3) 24 (4) 36

A certain brand of soap-powder is sold at ₹ 15 per packet. It costs ₹ 144 a dozen. What is the profit in percent on 8 dozen packets ?

(1) 20 (2) 25 (3) 24 (4) 36

40. वह बड़ी-से-बड़ी संख्या ज्ञात कीजिए जिससे 37, 56, 93 को भाग देने पर शेषफल क्रमश: 1, 2 और 3 रहेगा ।

(1) 9 (2) 18 (3) 15 (4) 12

Find the greatest number that will divide 37, 56, 93 leaving remainder 1, 2 and 3 respectively.

(1) 9 (2) 18 (3) 15 (4) 12

41. दो संख्याओं का HCF तथा LCM क्रमश: 6 और 864 है । यदि एक संख्या 96 है, तो दूसरी संख्या ज्ञात कीजिए ।

(1) 84 (2) 45 (3) 54 (4) 24

The HCF and LCM of two numbers are 6 and 864 respectively. If one number is 96, find the other number.

(1) 84 (2) 45 (3) 54 (4) 24

42. दो संख्याओं का HCF 12 है तथा उनका अंतर 12 है । यह संख्याएँ निम्नलिखित में से कौन-सी हो सकती हैं ?

(1) 84, 96 (2) 66, 78 (3) 70, 82 (4) 62, 78

The HCF of two numbers is 12 and their difference is 12. Which of the following can be the numbers ?

(1) 84, 96 (2) 66, 78 (3) 70, 82 (4) 62, 78

Free Mock Test For Practice: https://play.google.com/store/apps/details?id=com.prepxpert.app

43. 21 बकरियाँ 15 गायों के बराबर चारा चरती हैं । कितनी बकरियाँ 35 गायों के बराबर चारा चरेंगी ?

(1) 38 (2) 49 (3) 37 (4) 41

21 goats eat as much as 15 cows. How many goats eat as much as 35 cows ?

(1) 38 (2) 49 (3) 37 (4) 41

44. एक मैकेनिक 9 कारों से ₹ 36,000 कमाता है । यदि 1 दिन में उसे 27 कारें प्राप्त होती हैं, तो वह 1 दिन में कितना कमाएगा ?

(1) ₹ 1,08,000 (2) ₹ 1,80,000

(3) ₹ 1,00,800 (4) ₹ 1,00,080

A mechanic earns ₹ 36,000 on 9 cars. How much will he earn in 1 day, if in a day he receives 27 cars ?

(1) ₹ 1,08,000 (2) ₹ 1,80,000

(3) ₹ 1,00,800 (4) ₹ 1,00,080

45. यदि $x : y = 3 : 5$, तो $3x + 4y : 8x + 5y$ का अनुपात ज्ञात कीजिए ।

(1) 39 : 49 (2) 29 : 50

(3) 29 : 49 (4) 39 : 50

If $x : y = 3 : 5$, find the ratio $3x + 4y : 8x + 5y$.

(1) 39 : 49 (2) 29 : 50

(3) 29 : 49 (4) 39 : 50

46. यदि 10 आदमी किसी कार्य को 4 दिन में कर सकते हैं, तो उसी कार्य को 5 दिन में पूरा करने के लिए कितने आदमियों की आवश्यकता होगी ?

(1) 10 (2) 8 (3) 40 (4) 12

If 10 men can do a piece of work in 4 days, how many men will be required to get the same work done in 5 days ?

(1) 10 (2) 8 (3) 40 (4) 12

Free Mock Test For Practice: https://play.google.com/store/apps/details?id=com.prepxpert.app

47. यदि एक लड़का किसी पुस्तक को ₹ 450 में बेचता है, तो उसे 10% की हानि होती है । 10% लाभ प्राप्त करने के लिए विक्रय मूल्य कितना होना चाहिए ?

(1) ₹ 500 (2) ₹ 600 (3) ₹ 550 (4) ₹ 525

If a boy sells a book for ₹ 450, he makes a loss of 10%. To gain 10%, what should be the selling price ?

(1) ₹ 500 (2) ₹ 600 (3) ₹ 550 (4) ₹ 525

48. एक आदमी एक स्पीकर को 20% के लाभ पर ₹ 7,500 में बेचता है और दूसरे स्पीकर को 10% की हानि पर ₹ 8,100 में बेचता है । उसकी कुल हानि अथवा लाभ ज्ञात कीजिए ।

(1) हानि = ₹ 300 (2) हानि = ₹ 350

(3) लाभ = ₹ 300 (4) लाभ = ₹ 350

A man sells one speaker for ₹ 7,500 at a profit of 20% and another speaker for ₹ 8,100 at a loss of 10%. Find his total loss or profit.

(1) Loss = ₹ 300 (2) Loss = ₹ 350

(3) Profit = ₹ 300 (4) Profit = ₹ 350

49. यदि 3, 18, m, 42 समानुपात में हैं, तो m का मान ज्ञात कीजिए ।

(1) 6 (2) 54

(3) 7 (4) 252

Find the value of m, if 3, 18, m, 42 are in proportion.

(1) 6 (2) 54

(3) 7 (4) 252

50. एक NCC कैम्प में 1200 प्रशिक्षार्थी भाग ले रहे हैं जिनमें से 900 को गणतंत्र दिवस कैम्प के लिए चुना गया है । चुने हुए एवं नहीं चुने हुए कैडेटों की संख्या के बीच अनुपात कितना होगा ?

(1) 300 : 120 (2) 4 : 1 (3) 3 : 1 (4) 120 : 130

In an NCC Camp, 1200 trainees are participating out of which 900 are selected for Republic Day Camp. What is the ratio between the number of selected and non-selected cadets ?

(1) 300 : 120 (2) 4 : 1 (3) 3 : 1 (4) 120 : 130

Free Mock Test For Practice: https://play.google.com/store/apps/details?id=com.prepxpert.app

भाग ख / SECTION B

सामान्य ज्ञान / GENERAL KNOWLEDGE

51. निम्नलिखित में से कौन-सा जल में घुलेगा ?

(1) मृदा (2) चाक पाउडर

(3) चीनी (4) तेल

Which of the following will dissolve in water ?

(1) Soil (2) Chalk Powder

(3) Sugar (4) Oil

52. निम्नलिखित में से कौन-सा संक्रामक रोग है ?

(1) मधुमेह (डायबिटीज़) (2) छोटी माता (चिकन पॉक्स)

(3) अल्ज़ाइमर (4) कैन्सर

Which of the following is a communicable disease ?

(1) Diabetes (2) Chicken pox

(3) Alzheimer's (4) Cancer

53. पर्वतों पर चढ़ने के लिए, हमें

(1) आगे की ओर झुकना चाहिए (2) पीछे की ओर झुकना चाहिए

(3) सीधे चलना चाहिए (4) तिरछा (एक-तरफ़ा) चलना चाहिए

To climb the mountains, we have to

(1) Bend forward (2) Bend backwards

(3) Walk straight (4) Walk sideways

54. हवा, चोब (ड्रमस्टिक) और द्विफल (मेपिल) के बीजों को लम्बी दूरी तक ले जाती है क्योंकि इनमें

(1) सपक्ष बीज होते हैं ।

(2) बड़े और बाल वाले बीज होते हैं ।

(3) लंबे और कटक वाले फल होते हैं ।

(4) शूली बीज होते हैं ।

Seeds of drumstick and maple are carried over long distances by wind because they possess

(1) winged seeds.

(2) large and hairy seeds.

(3) long and ridged fruits.

(4) spiny seeds.

55. _____ राजस्थान की परम्परागत वर्षा-जल संग्रहण तकनीक है ।

(1) टाँका (2) खडिन (3) बावड़ी (4) कुआँ

_____ is a traditional rainwater harvesting technique of Rajasthan.

(1) Taanka (2) Khadin (3) Bavadi (4) Kuan

Free Mock Test For Practice: https://play.google.com/store/apps/details?id=com.prepxpert.app

56. रसगुल्ला _____ की लोकप्रिय मिठाई है ।

(1) पश्चिम बंगाल (2) पंजाब

(3) केरल (4) हिमाचल प्रदेश

Rasgulla is a popular sweet of _____ .

(1) West Bengal (2) Punjab

(3) Kerala (4) Himachal Pradesh

57. निम्नलिखित में से कौन-सा भारत का एक जनजातीय समुदाय है ?

(1) पंडित (2) जाट

(3) भील (4) पंजाबी

Which of the following is a tribal community of India ?

(1) Pandits (2) Jaat

(3) Bhil (4) Punjabi

58. राजस्थान के राजपूत राजा सवाई जय सिंह द्वारा 18वीं शताब्दी में बनवाई गई खगोलीय प्रेक्षणशाला का नाम बताइए ।

(1) लाल किला (2) कुतुब मीनार

(3) जन्तर मन्तर (4) ताज महल

Name an astronomical observatory built in the 18th century by Rajput King Sawai Jai Singh of Rajasthan.

(1) Red Fort (2) Qutub Minar

(3) Jantar Mantar (4) Taj Mahal

59. _____ में आन्तरिक चट्टानें, खनिज, आदि सम्मिलित होते हैं ।

(1) वायुमण्डल (2) जीवमण्डल

(3) गोलार्ध (4) भूमण्डल

_____ includes internal rocks, minerals, etc.

(1) Atmosphere (2) Biosphere

(3) Hemisphere (4) Geosphere

60. लाखों वर्षों पहले के पौधे और जानवरों के दफ़न किए गए अवशेषों को जाना जाता है

(1) संभाव्य रिज़र्व (2) जीवाश्म ईंधन

(3) जैवमात्रा ईंधन (4) सजीव शक्ति

The remains of plants and animals that were buried millions of years ago are known as

(1) potential reserves (2) fossil fuels

(3) biomass fuel (4) animate power

Free Mock Test For Practice: https://play.google.com/store/apps/details?id=com.prepxpert.app

61. यू.एन. महासभा (जनरल असेम्बली) के अध्यक्ष बनने वाले प्रथम भारतीय कौन थे ?

(1) नटवर सिंह
(2) वी.के. कृष्ण मेनन
(3) श्रीमती विजया लक्ष्मी पंडित
(4) श्रीमती इंदिरा गाँधी

Who was the first Indian to be the President of U.N. General Assembly ?

(1) Natwar Singh
(2) V.K. Krishna Menon
(3) Smt. Vijaya Lakshmi Pandit
(4) Smt. Indira Gandhi

62. मानव शरीर के निम्नलिखित में से कौन-से भाग में स्वेद ग्रंथियाँ अनुपस्थित होती हैं ?

(1) शिरोवल्क
(2) काँख (बगल)
(3) होंठ (ओष्ठ)
(4) हथेलियाँ

In which of the following parts of the human body are sweat glands absent ?

(1) Scalp
(2) Armpits
(3) Lips
(4) Palms

63. कंगारू के छोटे बच्चे को हम क्या कहते हैं ?

(1) फ़ोल
(2) कोल्ट
(3) जोई
(4) कब

What do we call the young one of a Kangaroo ?

(1) Foal
(2) Colt
(3) Joey
(4) Cub

64. बादल अधिकतर बने होते हैं

(1) बर्फ के
(2) धूल के
(3) जल की बूँदों के
(4) धूम-कोहरे के

Clouds are mostly made of

(1) snow
(2) dust
(3) water droplets
(4) smog

65. निम्नलिखित में से कौन-सी कृति के लिए वासदेव मोही को 29वाँ सरस्वती सम्मान प्रदान किया गया ?

(1) लोस्ट चिल्ड्रन आर्काइव
(2) चेकबुक
(3) द स्ट्रेंजर डायरीज़
(4) ए साँग फॉर ए न्यू डे

For which of the following works has Vasdev Mohi been awarded the 29th Saraswati Samman ?

(1) Lost Children Archive
(2) Chequebook
(3) The Stranger Diaries
(4) A Song for a New Day

Free Mock Test For Practice: https://play.google.com/store/apps/details?id=com.prepxpert.app

66. भारत ने किस स्मारक से अपना राष्ट्रीय प्रतीक चुना ?

(1) कपिलवस्तु (2) हस्तिनापुर

(3) सारनाथ (4) पानीपत

From which monument did India adopt its National Emblem ?

(1) Kapilavastu (2) Hastinapur

(3) Sarnath (4) Panipat

67. निम्नलिखित में से किस नृत्य शैली में कहानी/प्रसंग हमेशा महाभारत और रामायण से ली जाती है ?

(1) मोहिनीअट्टम (2) ओडीसी

(3) भरतनाट्यम (4) कुचीपुड़ी

In which of the following styles of dance is the story/theme always taken from Mahabharata and Ramayana ?

(1) Mohiniattam (2) Odissi

(3) Bharatanatyam (4) Kuchipudi

68. हमारे राष्ट्रीय कैलेण्डर (शक संवत्) के आधार पर महीनों को सही क्रम में व्यवस्थित कीजिए — a-चैत्र b-वैशाख c-ज्येष्ठ d-आषाढ़ :

(1) abcd (2) bcda (3) dacb (4) cdab

Arrange the months based on our National Calendar (Saka Era) in correct serial order — a-Chaitra b-Vaishakha c-Jyaishtha d-Aashada :

(1) abcd (2) bcda (3) dacb (4) cdab

69. निम्नलिखित में से कौन-सा लड़ाकू वायुयान है ?

(1) तेजस (2) ध्रुव

(3) बोइंग C-17 ग्लोबमास्टर (4) चेतक

Which one of the following is a combat aircraft ?

(1) Tejas (2) Dhruv

(3) Boeing C-17 Globemaster (4) Chetak

70. किस यंत्र का प्रयोग वाहनों की चाल मापने के लिए किया जाता है ?

(1) ग्रेवोमीटर (2) स्पीडोमीटर

(3) गाइरोस्कोप (4) किलोमीटर

Which device is used to measure the speed of vehicles ?

(1) Gravometer (2) Speedometer

(3) Gyroscope (4) Kilometer

Free Mock Test For Practice: https://play.google.com/store/apps/details?id=com.prepxpert.app

71. निम्नलिखित में से कौन-सा पोल्ट्री फार्मों में पालतू है ?

(1) बकरी (2) भेड़ (3) मुर्गी (4) घोड़े

Which of the following is domesticated in poultry farms ?

(1) Goat (2) Sheep (3) Hen (4) Horses

72. _____ जीभ पर फैली हुई होती हैं और भोजन में रसायनों से अभिक्रिया करती हैं ।

(1) स्वाद कलिकाएँ (2) अवरोधिनियाँ (संवरणियाँ)

(3) दाँत (4) त्वचा

The _____ cover the tongue and react to chemicals in food.

(1) Taste Buds (2) Sphincters

(3) Teeth (4) Skin

73. खाद्य परिरक्षण करते समय हिमीकरण क्या करता है ?

(1) खाद्य उत्पाद को कठोर रखता है

(2) खाद्य की सुगंध को ताजा रखता है

(3) सूक्ष्मजीवों की वृद्धि को रोकता है

(4) उपर्युक्त में से कोई नहीं

What does freezing do when preserving foods ?

(1) Keeps the food product hard

(2) Keeps the flavours of the food fresh

(3) Stops growth of micro-organisms

(4) None of the above

74. निम्नलिखित में से कौन-सा/सी कप/ट्रॉफी फुटबाल से संबंधित है ?

(1) डेविस कप (2) चैम्पियन्स ट्रॉफी

(3) संतोष ट्रॉफी (4) देवधर ट्रॉफी

Which of the following cups/trophies is associated with football ?

(1) Davis Cup (2) Champions Trophy

(3) Santosh Trophy (4) Deodhar Trophy

75. चींटियाँ अपने समूह की चींटियों को कैसे पहचानती हैं ?

(1) रंग द्वारा (2) चेहरे द्वारा

(3) गंध द्वारा (4) ऊँचाई द्वारा

How do ants recognize ants from their group ?

(1) By colour (2) By face

(3) By smell (4) By height

Free Mock Test For Practice: https://play.google.com/store/apps/details?id=com.prepxpert.app

भाग ग

हिन्दी भाषा

(केवल हिन्दी भाषा का प्रयास करने वालों के लिए)

76. निम्नलिखित वाक्य/शब्द समूह के लिए दिए गए विकल्पों में से उचित शब्द का चयन कीजिए :
'जो सबको समान दृष्टि से देखता हो'

(1) सज्जन (2) संन्यासी (3) समदर्शी (4) परोपकारी

77. सार्थक वाक्य बनाने के लिए निम्नलिखित शब्दों/शब्द समूहों को व्यवस्थित कीजिए । विकल्पों में से सही विकल्प का चयन कीजिए :

गाय का / ताज़ा / दूध पीता हूँ / मैं
(A) (B) (C) (D)

(1) DBAC (2) DABC (3) ABCD (4) BCDA

78. प्रश्न के नीचे दिए गए विकल्पों में से उचित विकल्प का चयन कीजिए :
'जहाँ जाना कठिन हो'

(1) जंगल (2) दुर्गम (3) गमनीय (4) अगम

79. निम्नलिखित शब्द के लिए सही विपरीतार्थक शब्द (विकल्प) का चयन कीजिए :
संयोग

(1) प्रेम (2) असहयोग (3) वियोग (4) दुःख

80. निम्नलिखित शब्द के लिए सही संधि-विच्छेद (विकल्प) का चयन कीजिए :
गिरीन्द्र

(1) गिर + ईंद्र (2) गिरि + ईंद्र (3) गिरी + इंद्र (4) गिरि + इंद्र

81. निम्नलिखित शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग के सही विकल्प का चयन कीजिए :
निश्चल

(1) निश् (2) निर
(3) नि: (4) निश

82. प्रत्येक प्रश्न के नीचे दिए गए विकल्पों में से उचित विकल्प चुनिए :
निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द <u>बादल</u> का पर्यायवाची शब्द है ?

(1) अम्बर (2) गगन (3) जलद (4) नीरज

83. <u>हर्ष</u> शब्द का विलोम शब्द है

(1) दुःखी (2) विषाद
(3) अप्रसन्न (4) कष्ट

Free Mock Test For Practice: https://play.google.com/store/apps/details?id=com.prepxpert.app

84. प्रश्न के नीचे दिए गए विकल्पों में से उचित विकल्प का चयन कीजिए :
निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द अद्वितीय का पर्यायवाची शब्द है ?
(1) आश्चर्यजनक (2) अनोखा (3) अनुपम (4) अपूर्व

85. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द पत्थर का पर्यायवाची शब्द ***नहीं*** है ?
(1) पर्वत (2) प्रस्तर
(3) उपल (4) पाषाण

86. दिए गए विकल्पों में से सही वर्तनी वाले शब्द का चयन कीजिए :
(1) आर्शीवाद (2) आशिर्वाद (3) आर्शिवाद (4) आशीर्वाद

87. रिक्त स्थान भरने के लिए उपयुक्त विकल्प चुनिए :
जिस पर अभियोग लगाया गया हो वह _____ कहलाता है ।
(1) अभियोगी (2) अपराधी (3) अभियुक्त (4) भगोड़ा

निम्नलिखित अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के लिए सही विकल्प चुनिए (प्रश्न संख्या 88 से 92) :

निरंतर श्रम करने से शरीर स्वस्थ रहता है । समाज में जीवंतता बनी रहती है । यदि श्रम करना छोड़ दिया जाए तो समाज गतिशून्य हो जाए । श्रम की सार्थकता के बारे में महात्मा गाँधी ने कहा था – जब श्रम करना है तो उत्पादक श्रम ही क्यों न किया जाए । गाँधीजी के उत्पादक श्रम का तात्पर्य यह है कि श्रम से कुछ चीज़ की प्राप्ति हो, चाहे यश हो, चाहे प्रगति हो । इससे श्रम करने में आनंद आएगा । श्रम के प्रति निष्ठा और सम्मान की भावना हमारी सहज प्रवृत्ति होनी चाहिए । वस्तुत: हमारे विकास का, हमारी उन्नति का मूलमंत्र है – श्रम । सफलता का मूलमंत्र और प्रगति की सीढ़ी परिश्रम से ही प्राप्त होती है । परिश्रम, साहस और कर्म का चोली-दामन का साथ है । जो मनुष्य परिश्रम करता है, वह साहसी भी होता है ।

88. गाँधीजी ने श्रम की सार्थकता किससे मानी है ?
(1) परिश्रम करने से (2) सम्मान की भावना से
(3) श्रम के प्रति निष्ठा से (4) उत्पादक श्रम से

89. सार्थकता शब्द का विलोम शब्द है
(1) सफलता (2) प्रासंगिकता (3) निरर्थकता (4) उपयोगिता

90. श्रम करने में आनंद कब आएगा ?
(1) जब हम स्वस्थ होंगे (2) समाज में गतिशून्यता नहीं होगी
(3) जब मन में सम्मान की भावना होगी (4) जब श्रम से कुछ चीज़ की प्राप्ति होगी

91. स्वस्थ शरीर के लिए क्या आवश्यक है ?
(1) कसरत करना (2) निरंतर श्रम
(3) जीवंतता (4) प्रगति

92. परिश्रम, साहस और कर्म का चोली-दामन का संबंध कैसे है ?
(1) परिश्रमी और साहसी लोगों को पसंद किया जाता है ।
(2) साहसी कर्मयोगी होते हैं ।
(3) जो मनुष्य कर्म करता है वह साहसी भी होता है ।
(4) परिश्रम, साहस एक-दूसरे के पूरक नहीं हैं ।

Free Mock Test For Practice: https://play.google.com/store/apps/details?id=com.prepxpert.app

93. निम्नलिखित में से पुल्लिंग शब्द है :

(1) नदी (2) देवी

(3) कविता (4) चंद्रमा

94. <u>लड़की</u> शब्द का बहुवचन रूप है

(1) लड़कियाँ (2) लड़की (3) लड़कियें (4) लड़कीएं

95. मुहावरे का सही अर्थ लिखिए :
अँगूठा दिखाना

(1) झूठ बोलना (2) अवसरवादी होना

(3) मौके पर इनकार करना (4) धोखा देना

96. मुहावरे का सही अर्थ लिखिए :
अक़्ल पर पत्थर पड़ना

(1) मूर्ख बन जाना (2) बुद्धि समाप्त हो जाना

(3) सोचने विचारने की क्षमता न रहना (4) बड़ी चोट लग जाना

97. वाक्यांश के लिए सही विकल्प ढूँढ़िए :
परीक्षा देने वाला

(1) परीक्षक (2) विद्यार्थी

(3) परीक्षार्थी (4) शिक्षार्थी

98. विलोम शब्द ढूँढ़िए :
पराजय

(1) जय (2) अजय (3) हार (4) पराधीन

99. निम्नलिखित शब्द में प्रयुक्त प्रत्यय के सही विकल्प का चयन कीजिए :
विद्यालय

(1) लय (2) आलय (3) य (4) अलय

100. निम्नलिखित शब्द का स्त्रीलिंग रूप चुनिए :
जेठ

(1) जेठानी (2) जिठानी (3) जेठाइन (4) जिठाइन

Free Mock Test For Practice: https://play.google.com/store/apps/details?id=com.prepxpert.app

SECTION C
LANGUAGE
(Only for those attempting English Language)

Read the following passage and answer the questions (Q. 76 – 78) by choosing the most appropriate option :

Zeus and Prometheus

From the very first, humans had trouble with the Greek Gods. Most Gods thought of humans as toys. But Gods made friends with the humans. One of those Gods was Prometheus. The first people created by the Gods lived happily together. They thought the Gods were wonderful. But their children were not as grateful or as content. The children argued among themselves, and sometimes even argued with the Gods. Zeus was very disappointed at mankind. He decided to punish mankind by depriving them of a very important tool — fire. Prometheus felt sorry for his human friends. Fire was important for many things such as heat and cooking. Prometheus stole a lightning bolt from Zeus and gave it to mankind. That's when man discovered fire.

Zeus was furious as Prometheus had defied Zeus. He ordered Prometheus be chained to a rock as punishment for stealing his lightning bolt, and for going behind his back to help the humans. To make Prometheus even more miserable, Zeus sent storms to beat angry waves against Prometheus, helplessly chained to his rock. Zeus made the sun shine really brightly now and then to burn his skin. It was Hercules who finally released the helpless God from his chains.

76. What is the meaning of the underlined word : 'Prometheus had <u>defied</u> Zeus' ?

(1) Prometheus had worshipped Zeus all his life.

(2) Prometheus had defamed Zeus.

(3) Prometheus detested Zeus for his attitude.

(4) Prometheus had disregarded the authority of Zeus.

Free Mock Test For Practice: https://play.google.com/store/apps/details?id=com.prepxpert.app

77. Which of the following statements is ***not*** true about Zeus and Prometheus ?

(1) Most Greek Gods saw humans as a means of their entertainment.

(2) Prometheus was chained to a rock as he was a God.

(3) Zeus was an unforgiving God who did not like to be disobeyed.

(4) Hercules emerged as the saviour of Prometheus.

78. Why was Zeus angry and disappointed at humans ?

(1) They kept asking him for fire.

(2) The humans misused his lightning bolt.

(3) The humans were quarrelsome and didn't respect the Gods.

(4) The humans were not intelligent enough to discover fire.

Fill in the blanks with the most appropriate option.

79. There was no one else in the room _____ Collin.

(1) accept (2) except (3) axcept (4) acept

80. The news is all _____ the internet.

(1) on (2) through (3) over (4) near

81. We studied about _____ Roman Empire in school.

(1) a (2) an (3) the (4) no article

Rearrange the following words/phrases to make meaningful sentences. Choose the correct sequence.

82. the sun / you / of / must / stay out

(A) (B) (C) (D) (E)

(1) ECADB (2) ABCDE (3) BDECA (4) DECAB

83. I / immediately / salary / my / want

(A) (B) (C) (D) (E)

(1) BAEDC (2) AEDCB (3) DCAEB (4) EADCB

Free Mock Test For Practice: https://play.google.com/store/apps/details?id=com.prepxpert.app

84. Choose the word that means the opposite of MORTAL.

(1) Unmortal (2) Immortal (3) Inmortal (4) Dismortal

85. A _____ of thieves was caught by the Police.

(1) swarm (2) pack (3) team (4) batch

86. It has become his habit to _____ do his homework and then copy it from others.

(1) always (2) often (3) frequently (4) never

87. There were several _____ at the conference.

(1) women (2) woman (3) wemens (4) womans

88. 'To beat around the bush' means

(1) to turn violent against a stranger.

(2) to avoid saying something because it is uncomfortable.

(3) to come to the main point of the conversation.

(4) to start a fire in the forest.

89. My father is a bookworm, he _____ books to films and sports.

(1) is prefer (2) prefer (3) prefers (4) are prefer

90. Choose the most appropriate option :

Which of the following options is the meaning of the word 'exhausted' ?

(1) Very hot (2) Very polluted

(3) Very fresh (4) Very tired

91. A confectioner is a person who _____ .

(1) sells tools (2) sells confetti

(3) sells sweets (4) sells clothes

92. The captain _____ along with the players.

(1) was present (2) was presenting

(3) have been presenting (4) has been presenting

Free Mock Test For Practice: https://play.google.com/store/apps/details?id=com.prepxpert.app

93. Leave your bags at the gate. (Identify the type of sentence)

(1) Imperative (2) Declarative

(3) Interrogative (4) Exclamatory

94. Near the equator, the sun _____ greater quantities of water.
(Choose the correct form of the verb)

(1) is evaporating (2) evaporates

(3) has evaporated (4) evaporate

95. Choose the correct spelling :

(1) appartment (2) aparttment (3) apartment (4) apartmant

96. Today is the _____ day of my life. (Choose the correct adjective)

(1) more important (2) less important

(3) important (4) most important

97. Poets are known <u>to fly</u> in their thoughts.
(Choose the word nearest in meaning to the underlined word)

(1) sore (2) sour (3) soar (4) sure

98. Do as directed :
There are some <u>diseases</u> that are inherited. (Identify the kind of Noun)

(1) 'diseases' is a proper noun

(2) 'diseases' is an abstract noun

(3) 'diseases' is a collective noun

(4) 'diseases' is a common noun

99. After school you and _____ must discuss a few things. (Choose the correct pronoun)

(1) him (2) me (3) I (4) we

100. It is quite warm, _____ ? (Use a Question Tag)

(1) is it (2) wasn't it (3) isn't it (4) was it

Free Mock Test For Practice: https://play.google.com/store/apps/details?id=com.prepxpert.app

भाग घ / SECTION D
प्रज्ञा (इंटेलिजेंस) / INTELLIGENCE

101. यदि '+' का अर्थ है "घटा", '–' का अर्थ है "गुणा", '×' का अर्थ है "जोड़", तो $10 \times 5 + 3 - 2$ का मान क्या है ?

(1) 24 (2) 52 (3) 9 (4) 10

If '+' means "Minus", '–' means "Multiply", '×' means "Add", then what is the value of $10 \times 5 + 3 - 2$?

(1) 24 (2) 52 (3) 9 (4) 10

102. सुधारना : सीवन (सिलाई) : : संपादन करना : _____

(1) रफू करना (2) मरम्मत करना

(3) हस्तलिपि (4) कामचलाऊ

mend : sewing : : edit : _____

(1) darn (2) repair

(3) manuscript (4) makeshift

103. रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए ।

लगाम : घोड़ा : : कंट्रोल पैनल : _____

(1) चालक (पायलट) (2) बिट (3) समतल (4) घुड़सवार

Fill in the blank.

rein : horse : : control panel : _____

(1) pilot (2) bit (3) plane (4) rider

104. वह शब्द चुनिए जो समूह के शब्दों से सबसे कम मिलता है ।

(1) एम.एस. पेन्ट (2) फेसबुक


(3) व्हाट्सएप (4) ट्विटर

Choose the word which is least like the words in the group.




(1) MS Paint (2) Facebook


(3) WhatsApp (4) Twitter

Free Mock Test For Practice: https://play.google.com/store/apps/details?id=com.prepxpert.app


105. 

उपयुक्त विकल्प का चयन करके द्वितीय युग्म को पूरा कीजिए ।

(1)  (2)  (3)  (4) 



Complete the second pair by selecting the appropriate alternative.

(1)  (2)  (3)  (4) 

106. एक आदमी 6 किमी दक्षिण की ओर चलता है, बाएँ मुड़कर 4 किमी चलता है, फिर दुबारा बाएँ मुड़ता है और 5 किमी चलता है । अब उसका मुँह किस दिशा की ओर है ?

(1) दक्षिण (2) उत्तर (3) पूर्व (4) पश्चिम

A man walks 6 km south, turns left and walks 4 km, again turns left and walks 5 km. Which direction is he facing now ?

(1) South (2) North (3) East (4) West

107. वह शब्द चुनिए जो रेखांकित शब्द का अनिवार्य भाग है ।

<u>गिटार</u>

(1) बैण्ड (2) शिक्षक (3) गाने (4) तारें

Choose the word that is a necessary part of the underlined word.

<u>Guitar</u>

(1) Band (2) Teacher (3) Songs (4) Strings

Free Mock Test For Practice: https://play.google.com/store/apps/details?id=com.prepxpert.app

108. पुजारी ने एक भक्त को कहा, "घंटी 45 मिनट के नियमित अंतराल पर बजती है । अंतिम घंटी 5 मिनट पहले बजी थी । अगली घंटी 7:45 am पर बजेगी ।" पुजारी ने भक्त को यह सूचना किस समय पर दी थी ?

(1) 6:55 am (2) 7:00 am


(3) 7:05 am (4) 7:40 am

The priest told the devotee, "The bell rings at regular intervals of 45 minutes. The last bell rang 5 minutes ago. The next bell is due to be rung at 7:45 am." At what time did the priest give this information to the devotee ?

(1) 6:55 am (2) 7:00 am

(3) 7:05 am (4) 7:40 am


109. प्रश्न चिह्न के स्थान पर कौन-सा अक्षर आएगा ?



(1) N (2) O

(3) P (4) M

Which letter replaces the question mark ?



(1) N (2) O

(3) P (4) M

Free Mock Test For Practice: https://play.google.com/store/apps/details?id=com.prepxpert.app

110. एक कूट में, 'BOMBAY' को 'CNNABX' के रूप में कूटित किया जाता है, तो 'DELHI' का कूट क्या होगा ?

(1) EDMJG (2) GMDEJ

(3) DEGMJ (4) EDMGJ

In a code, 'BOMBAY' is coded as 'CNNABX', then what will be the code of 'DELHI' ?

(1) EDMJG (2) GMDEJ

(3) DEGMJ (4) EDMGJ

111. रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए ।

अलग करना : एक कर देना : : मरम्मत करना : _____

(1) पास आना (2) धक्का देना

(3) बिगाड़ देना (4) अपनी चालाकी से मात देना


Fill in the blank.

segregate : unify : : repair : _____

(1) approach (2) push


(3) damage (4) outwit

112. नीचे दिए गए चित्र में कितने त्रिभुज हैं ?



(1) 4 (2) 12 (3) 16 (4) 10

How many triangles are there in the figure given below ?



(1) 4 (2) 12 (3) 16 (4) 10

Free Mock Test For Practice: https://play.google.com/store/apps/details?id=com.prepxpert.app

113. राहुल ने सीधे पूर्व की ओर चलना आरंभ किया । वह कुछ दूर तक चला और फिर अपनी दायीं ओर मुड़ा तथा फिर से चला । अब उसका मुख किस दिशा में है ?

(1) उत्तर (2) पूर्व (3) दक्षिण (4) पश्चिम

Rahul started walking straight towards East. He walks a certain distance and then turns towards his right and walks again. In which direction is he heading now ?

(1) North (2) East (3) South (4) West

114. दिए गए विकल्पों में से विषम का चयन कीजिए ।

(1) बांग्लादेश : टका (2) ब्राज़ील : रियल

(3) साइप्रस : डॉलर (4) ईरान : रियाल

From the given options, choose the odd one out.

(1) Bangladesh : Taka (2) Brazil : Real

(3) Cyprus : Dollar (4) Iran : Rial

115. तान्या एरिक से बड़ी है ।
क्लिफ तान्या से बड़ा है ।
एरिक क्लिफ से बड़ा है ।
यदि प्रथम दो कथन सत्य हैं, तो तीसरा कथन है

(1) सत्य (2) असत्य (3) अनिश्चित (4) इनमें से कोई नहीं

Tanya is older than Eric.
Cliff is older than Tanya.
Eric is older than Cliff.
If the first two statements are true, the third statement is

(1) True (2) False (3) Uncertain (4) None of these

116. दी गई शृंखला में अगला क्या आएगा ?

A, C, F, H, K, M, ...

(1) N (2) Y (3) P (4) M

What comes next in the given series ?

A, C, F, H, K, M, ...

(1) N (2) Y (3) P (4) M

Free Mock Test For Practice: https://play.google.com/store/apps/details?id=com.prepxpert.app

117. A, B की बहन है । C, B की माँ है । D, C के पिता हैं । E, D की माँ है । तो A का D से क्या संबंध है ?

(1) दादा (2) दादी

(3) पुत्री (4) पौत्री

A is B's sister. C is B's mother. D is C's father. E is D's mother. Then how is A related to D ?

(1) Grandfather (2) Grandmother

(3) Daughter (4) Grand-daughter

118. एक विशिष्ट कूट भाषा में COMPUTER को RFUVQNPC के रूप में लिखा जाता है । उसी कूट भाषा में MEDICINE को किस प्रकार लिखा जाएगा ?

(1) MFEDJJOE (2) EOJDEJFM

(3) MFEJDJOE (4) EOJDJEFM

In a certain code language, COMPUTER is written as RFUVQNPC. How will MEDICINE be written in that code language ?

(1) MFEDJJOE (2) EOJDEJFM

(3) MFEJDJOE (4) EOJDJEFM

119. यदि दक्षिण-पूर्व उत्तर हो जाए, उत्तर-पूर्व पश्चिम हो जाए और इसी प्रकार क्रम जारी रहे, तो पश्चिम क्या हो जाएगा ?

(1) उत्तर-पूर्व (2) उत्तर-पश्चिम

(3) दक्षिण-पूर्व (4) दक्षिण-पश्चिम

If South-East becomes North, North-East becomes West and so on, what will West become ?

(1) North-East (2) North-West

(3) South-East (4) South-West

120. प्रश्न चिह्न के स्थान पर क्या आएगा ?

10, 100, 200, 310, ?

(1) 420 (2) 410 (3) 430 (4) 400

What will come at the place of the question mark ?

10, 100, 200, 310, ?

(1) 420 (2) 410 (3) 430 (4) 400

Free Mock Test For Practice: https://play.google.com/store/apps/details?id=com.prepxpert.app

121. अक्षरों के कौन-से एक समुच्चय को दी गई अक्षर शृंखला के खाली स्थानों में क्रमानुसार रखने से शृंखला पूरी होगी ?

_ ab _ b _ aba _ _ abab.

(1) abbaa (2) bbaab (3) abaab (4) aaaba

Which one set of letters when sequentially placed at the gaps in the given letter series shall complete it ?

_ ab _ b _ aba _ _ abab.

(1) abbaa (2) bbaab (3) abaab (4) aaaba

122. इस शृंखला की ओर देखिए : 2, 1, (1/2), (1/4), ...
आगे आने वाली संख्या कौन-सी होगी ?

(1) 1/3 (2) 1/8 (3) 2/8 (4) 1/16

Look at this series : 2, 1, (1/2), (1/4), ...
What number should come next ?

(1) 1/3 (2) 1/8 (3) 2/8 (4) 1/16

123. वह सही विकल्प चुनिए जिसमें वही संबंध हो ।

SCD, TEF, UGH, _____, WKL

(1) CMN (2) UJI (3) VIJ (4) IJT

Choose the correct alternative that has the same relation.

SCD, TEF, UGH, _____, WKL

(1) CMN (2) UJI (3) VIJ (4) IJT

124. यदि 'WAY' को 679 के रूप में कूटित किया जाता है, 'MAY' को 579 के रूप में कूटित किया जाता है, तो 'YAW' को कूटित किया जाएगा

(1) 976 (2) 769 (3) 679 (4) 579

If 'WAY' is coded as 679, 'MAY' is coded as 579, then 'YAW' will be coded as

(1) 976 (2) 769 (3) 679 (4) 579

125. 45 विद्यार्थियों की एक कक्षा में, आमिर का क्रम ऊपर से 16वाँ है । अशोक, आमिर से 6 क्रम नीचे है । नीचे से अशोक का क्रम कौन-सा है ?

(1) 23वाँ (2) 32वाँ (3) 24वाँ (4) 30वाँ

In a class of 45 students, Amir's rank from the top is 16^{th}. Ashok is 6 ranks below Amir. What is Ashok's rank from the bottom ?

(1) 23^{rd} (2) 32^{nd} (3) 24^{th} (4) 30^{th}